तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

कांकेर भूमि

रायपुर, शनिवार 17 अक्टूबर 2026

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा

नहीं मिला ठोस समाधान

प्रभावित किसानों ने संभागायुक्त को बताया कि प्रभावित परिवारों ने अपनी मांगों को लेकर अंतागढ़ रेलवे स्टेशन के पास 25 मई 2025 से 25 जून 2025 तक अनिश्चितकालीन रेल रोको आंदोलन किया था। किसानों का कहना है कि आंदोलन के दौरान उन्हें जिला प्रशासन, रेलवे व बीएसपी से केवल आश्वासन मिला, लेकिन उनकी मांगों का स्थायी समाधान आज तक नहीं हो सका।

लगाई न्याय की गुहार

प्रभावित किसानों ने 14 अक्टूबर को सौंपे गए ज्ञापन में संभागायुक्त से हस्तक्षेप करने की मांग की है। उनका आग्रह है कि दल्ली राजहरा-रावघाट रेल परियोजना से प्रभावित सभी पात्र किसानों को नियमानुसार मुआवजा दिलाया जाए तथा परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने संबंधी मांग पर उचित कार्रवाई की जाए। अब प्रभावित परिवारों को प्रशासन से उम्मीद है कि उनकी वर्षों पुरानी समस्या का निराकरण कर उन्हें राहत दिलाई जाएगी।

किसानों ने उठाई मुआवजा-नौकरी की मांग, संभागायुक्त को बताई हकीकत

रावघाट रेल परियोजना से पीड़ित 250 कृषक परिवार को वर्षों बाद केवल ठेंगा

रेल परियोजना के लिए जमीन देने के बाद भी यदि किसानों को मुआवजा और परिवार के सदस्य को नौकरी के लिए वर्षों तक इंतजार करना पड़े, तो उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा होना स्वाभाविक है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

दल्ली राजहरा-रावघाट रेल लाइन परियोजना से प्रभावित किसानों ने इसी समस्या को लेकर एक बार फिर आवाज उठाई है। प्रभावित किसानों का आरोप है कि जमीन अधिग्रहण और नौकरी



देने के आश्वासन के बावजूद करीब 250 किसान परिवार आज भी अपने हक के लाभ से वंचित हैं। किसानों ने बस्तर संभाग के संभागायुक्त को ज्ञापन सौंपकर मुआवजा और नौकरी की मांग पूरी कराने की गुहार लगाई है। किसानों ने संभागायुक्त को बताया कि दल्ली राजहरा से रावघाट तक रेल लाइन शेष पेज 10 पर

विधायक विक्रम के 61वें जन्मदिन पर आज कापसी में भव्य आयोजन

कापसी। जनसेवा, क्षेत्रीय विकास और जनसंपर्क के बीच अंतागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विक्रम देव उसेंडी अपना 61 वां जन्मदिन 17 अक्टूबर को मनाएंगे। इस अवसर को यादगार बनाने के लिए भाजपा मंडल कापसी की ओर से विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कापसी के हाईस्कूल मैदान में सुबह से शाम तक चलने वाले इस आयोजन में विधायक के समर्थक, पार्टी कार्यकर्ता और शुभचिंतक पहुंचकर उनके जन्मदिन के आयोजन में शामिल होंगे। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से कार्यक्रम में शामिल होकर इस खास अवसर की खुशियों को साझा करने की अपील की है। अंतागढ़ विधायक विक्रम देव उसेंडी का राजनीतिक सफर अनुभव और संगठनात्मक जिम्मेदारियों से भरा रहा है। भाजपा के वरिष्ठ नेता सुनील जैन के अनुसार, विक्रम उसेंडी पांच बार विधायक निर्वाचित हो चुके हैं। इसके अलावा वे एक बार सांसद, पूर्व मंत्री और भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी संभाल चुके हैं। राजनीति में लंबे अनुभव के साथ उन्होंने शेष पेज 10 पर



शुभकामनाओं के साथ जुटेंगे समर्थक

विधायक के जन्मदिन के अवसर पर समर्थक और शुभचिंतक उन्हें शुभकामनाएं देकर उनके स्वस्थ, सुखद और दीर्घायु जीवन की कामना करेंगे। ऐसे आयोजन जनप्रतिनिधियों और क्षेत्र की जनता के बीच संवाद तथा आपसी जुड़ाव का अवसर भी बनते हैं।

रक्तदानी महिलाओं का हेलमेट देकर सम्मान

कांकेर। विकासखंड कांकेर के ग्राम कोदागांव में नवरात्रि पंचमी के अवसर पर जय मां शीतला महोत्सव के तहत जनकल्याणकारी शिविर आयोजित किया, जिसमें 55 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया, जिसमें पांच महिलाओं ने भी उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। ग्राम विकास नवयुवक मंडल ने सभी रक्तदाताओं को हेलमेट भेंटकर यातायात सुरक्षा का संदेश दिया। आयोजन के दौरान दोपहर में भंडारे का आयोजन किया गया तथा श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। महोत्सव में जनसेवा और सामाजिक जागरूकता का संदेश दिया गया।





खबर संक्षेप



सियाराम की पुण्यतिथि मनाई और दी श्रद्धांजलि

धनेलीकन्हार। कांकेर ब्लॉक के ग्राम धनेलीकन्हार में कई वर्षों तक ग्राम पटेल का दायित्व निभाने वाले सियाराम औरसा की पुण्यतिथि पर बाजार स्थल स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर पूर्व सरपंच राजेंद्र सिंह पोटाई की प्रतिमा पर भी पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के उपसरपंच एवं सियाराम औरसा के पुत्र वेद कुमार औरसा, सुमित्रा पोटाई, गजेंद्र सिंह पोटाई, चतुर साहू, मनसा राम साहू, कृष्णा साहू, रमेश साहू, विक्की पोटाई, जगदीश भोयर और सोनऊ राम मंडावी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

डुमाली तालाब के पास शराब पीते चार पकड़ाए

कांकेर। कांकेर थानांतर्गत डुमाली चौक तालाब के पास सार्वजनिक स्थान पर शराब पीते चार युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। आरोपियों में मोक्ष गोस्वामी, दानेश वट्टी, समीर शोरी और अपूर्व लकड़ा शामिल हैं। पुलिस ने मौके से देशी शराब की चार शीशियां और चार डिस्पोजल गिलास जब्त किए। जब्त सामग्री की कीमत करीब 150 रुपये बताई गई है। चारों के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 36(च)(1) के तहत किया गया।

दैवेभो कर्मचारियों को श्रम सम्मान राशि का भुगतान

कांकेर। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग कांकेर अंतर्गत संचालित छात्रावासों एवं आश्रमों में कार्यरत दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को त्यौहार से पहले श्रम सम्मान राशि का भुगतान सफलतापूर्वक किया गया है। कलेक्टर कुन्दन कुमार के मार्गदर्शन में कर्मचारियों को माह अप्रैल 2026 से जुलाई 2026 तक कुल चार माह की श्रम सम्मान राशि के भुगतान की स्वीकृति प्रदान की गई थी। स्वीकृति प्राप्त होने के मात्र तीन दिवस के भीतर कोषालय के माध्यम से राशि सीधे कर्मचारियों के बैंक खातों में हस्तांतरित कर दी गई है। उल्लेखनीय है कि आगामी त्यौहारों को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन ने इस प्रक्रिया को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया।

कार्यक्रम 17 कोईरागांव में रामधुनी

दुर्गूकोंदल। ग्राम ईरागांव में नवरात्रि के पावन अवसर पर नव दुर्गा उत्सव समिति द्वारा 17 अक्टूबर को रामधुनी कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में जय शंभू शेख बालिका रामधुनी मंडली, ग्राम घोटिया, कांकेर द्वारा धार्मिक प्रसंगों की प्रस्तुति दी जाएगी। मंडली के कलाकार शिव-पार्वती विवाह और श्रवण कुमार प्रसंग की कथा प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भक्तिरस से सराबोर करेंगे। आयोजन को लेकर ग्रामीणों में उत्साह का माहौल है। समिति ने श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में शामिल होकर धार्मिक आयोजन का लाभ लेने की अपील की है।

अंतागढ़ को जिला बनाने की मांग तेज अनिश्चितकालीन धरना 10वें दिन भी जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंतागढ़



अंतागढ़ को स्वतंत्र जिला बनाने की मांग को लेकर जिला निर्माण समिति के नेतृत्व में चल रहा अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन दसवें दिन भी जारी रहा। क्षेत्र की वर्षों पुरानी मांग को लेकर शुरू हुए आंदोलन को लगातार जनसमर्थन मिल रहा है। आमाबेड़ा, कोयलीबेड़ा और रावघाट क्षेत्र के लोगों के समर्थन से आंदोलन को व्यापक स्वरूप मिलता दिखाई दे रहा है। आंदोलनकारियों ने शासन से अंतागढ़ को स्वतंत्र जिला घोषित करने की मांग दोहराई है।

जिला निर्माण समिति अंतागढ़ के तत्वाधान में 5 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू किया गया है। समिति का कहना है कि अंतागढ़ को जिला बनाने की मांग एक दशक से अधिक समय से उठाई जा रही है, लेकिन अब तक इस दिशा में ठोस पहल नहीं हुई है। इसी के विरोध में क्षेत्रवासियों ने आंदोलन शुरू कर अपनी मांग शासन-प्रशासन तक पहुंचाने का निर्णय लिया है। आंदोलन को अंतागढ़ के अलावा आमाबेड़ा, कोयलीबेड़ा और रावघाट क्षेत्र के लोगों का भी समर्थन मिल रहा है। क्षेत्रवासियों का मानना है कि अंतागढ़ को स्वतंत्र जिला बनाए जाने से प्रशासनिक कामकाज में सुविधा मिल सकती है। दूरस्थ क्षेत्रों के लोगों को शासकीय कार्यों के लिए लंबी दूरी तय करने की परेशानी से राहत मिलने की उम्मीद भी जताई जा रही है। आंदोलनकारियों का कहना है कि जिला निर्माण की मांग केवल प्रशासनिक बदलाव तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका संबंध क्षेत्र के विकास और स्थानीय जरूरतों को प्राथमिकता देने से भी है। उनका मानना है कि स्वतंत्र जिला बनने से स्थानीय समस्याओं के निराकरण और विकास कार्यों की निगरानी को बेहतर बनाने में मदद मिल सकती है। धरना प्रदर्शन के दसवें दिन भी आंदोलनकारियों ने अपनी मांग पर जोर दिया। जिला निर्माण समिति के नेतृत्व में चल रहे इस आंदोलन के माध्यम से शासन का ध्यान आकर्षित करने का प्रयास किया जा रहा है। फिलहाल धरना जारी है और क्षेत्रवासियों की नजरें शासन के संभावित निर्णय पर टिकी हुई हैं। आंदोलनकारियों को उम्मीद है कि उनकी लंबे समय से लंबित मांग पर जल्द सकारात्मक पहल होगी।

तीन दिवसीय मानस गान स्पर्धा शुरू



धनेलीकन्हार। श्री श्री नवदुर्गा उत्सव समिति एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से नवरात्र उत्सव के अवसर पर गांव में माता रानी दुर्गा की स्थापना की गई है। इसके साथ ही 15 अक्टूबर से त्रिदिवसीय संस्वर मानस गान प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रभु श्रीराम, गोस्वामी तुलसीदास, मां सरस्वती एवं छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्रों की पूजा-अर्चना के साथ हुई। प्रतियोगिता में विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचीं मानस मंडलियां अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से रामचरितमानस की महिमा का गुणगान कर रही हैं।

आयोजन समिति के अध्यक्ष गजेंद्र सिंह पोटाई ने कहा कि यह आयोजन का 23वां वर्ष है। गांव के पुरखों और बुजुर्गों ने बड़ी मेहनत, लगन और श्रद्धा के साथ इस आयोजन की शुरुआत की थी।

ओबीसी की पृथक गणना के लिए अलग कोड और कॉलम की मांग



कोरर। राष्ट्रीय जनगणना में अन्य पिछड़ा वर्ग की पृथक पहचान सुनिश्चित करने तथा इसके लिए अलग कोड और कॉलम निर्धारित करने की मांग को लेकर गुरुवार, 15 अक्टूबर को ओबीसी समाज के प्रतिनिधियों ने राष्ट्रपति के नाम नायब तहसीलदार योगिता पात्रे को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन के माध्यम से प्रतिनिधियों ने मांग की कि राष्ट्रीय जनगणना में ओबीसी वर्ग के लिए अलग कोड एवं कॉलम की व्यवस्था की जाए, ताकि इस वर्ग की जनसंख्या का वास्तविक और स्पष्ट आंकड़ा सामने आ सके। समाज के सदस्यों का कहना है कि पृथक गणना से ओबीसी वर्ग की जनसंख्या से संबंधित प्रमाणिक आंकड़े उपलब्ध होंगे। इससे वर्ग की वास्तविक स्थिति को समझने में मदद मिलेगी। प्रतिनिधियों ने कहा कि जनगणना में ओबीसी की अलग पहचान दर्ज होना आवश्यक है। इसके लिए जनगणना प्रक्रिया में उचित प्रावधान किए जाने की जरूरत है। उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से संबंधित विषय पर आवश्यक पहल करने और ओबीसी वर्ग की पृथक गणना सुनिश्चित करने की मांग उठाई। इस अवसर पर ओबीसी समूह के वेदप्रकाश सिन्हा, अशोक यादव, विदेश जैन, लालचंद जैन, रामसिंह धनकर, प्रेमलाल जैन और बिहारी लाल यदु सहित समाज के सदस्य उपस्थित रहे। प्रतिनिधियों ने अपनी मांगों को प्रमुखता से रखते हुए शासन स्तर पर उचित कार्रवाई की अपेक्षा

पैराडाइज स्कूल में नवरात्रि की धूम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर



पैराडाइज सीबीएसई स्कूल में शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर भक्तिमय वातावरण में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने उत्साह और उमंग के साथ गरबा नृत्य प्रस्तुत कर उत्सव को आकर्षक बनाया। विद्यालय को रंग-बिरंगे फूलों, रंगीन कागजों, तोरण और पारंपरिक कलाकृतियों से सजाया गया। कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों को मां दुर्गा के नौ रूपों, नवरात्रि के धार्मिक महत्व और भारतीय संस्कृति की परंपराओं से परिचित कराया गया।

गरबा और देवी के नौ रूपों की झांकी ने मोहा मन

कार्यक्रम में नर्सरी और कक्षा दूसरी की बालिकाओं ने मां दुर्गा के नौ रूपों की झांकी प्रस्तुत की। इसमें मां शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कूष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री के स्वरूपों को दर्शाया गया। बच्चों ने राम, लक्ष्मण, माता सीता और राजा रावण की वेशभूषा में भी प्रस्तुति दी। इन सांस्कृतिक गतिविधियों ने विद्यार्थियों में रचनात्मकता, सहयोग और भारतीय परंपराओं के प्रति सम्मान की भावना को बढ़ावा दिया। विद्यालय की प्राचार्य रश्मि रजक ने कहा कि नवरात्रि केवल धार्मिक त्योहार नहीं, बल्कि शक्ति, साहस, भक्ति और नारी सम्मान का प्रतीक है। मां दुर्गा के नौ रूप हमें धैर्य, करुणा, आत्मबल और बुराइयों पर विजय प्राप्त करने की प्रेरणा देते हैं।

13 बालिकाओं को लगा एचपीवी टीका



दुर्गूकोंदल। बालिकाओं के स्वास्थ्य की सुरक्षा, गंभीर बीमारियों से बचाव और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मेड़ों में स्वास्थ्य जागरूकता एवं टीकाकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की 13 बालिकाओं को ह्यूमन पैपिलोमा वायरस एचपीवी का टीका लगाया गया। इसके साथ ही छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण एवं नेत्र परीक्षण कर उन्हें स्वस्थ रहने के आवश्यक उपायों की जानकारी दी गई।

खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनोज किशोर के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में डॉ. चंदन बैरागी ने छात्राओं को एचपीवी संक्रमण, टीकाकरण के लाभ तथा सर्वाइकल कैंसर से बचाव में इसकी भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एचपीवी के विरुद्ध टीकाकरण सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

सर्व सेन समाज का सामाजिक जनगणना पूरी करने पर जोर



धनेलीकन्हार। ब्लॉक अंतर्गत ग्राम कोकपुर के रामायण शेड में जिला सर्व सेन समाज ग्रामीण कांकेर की बैठक जिला अध्यक्ष की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में श्रीवास सेन समाज, झरिया सेन समाज और चंदा पारी सेन समाज के पदाधिकारियों सहित जिला सर्व सेन समाज ग्रामीण के पदाधिकारी एवं सदस्य शामिल हुए। बैठक में फिरकावार सामाजिक जनगणना की प्रगति की समीक्षा की गई और जनगणना का कार्य अतिशीघ्र पूर्ण करने पर जोर दिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष प्रभु राम शांडिल्य ने कहा कि समाज के सभी लोगों को अपने सामाजिक भाइयों के सुख-दुख में सहभागी बनना चाहिए। समाज के लोगों के विकास के लिए निरंतर प्रयास करना और आपसी सहयोग की भावना को मजबूत बनाना आवश्यक है। उन्होंने समाज में नशे के बढ़ते दुष्प्रभावों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि नशा नाश की जड़ है। समाजजनों को नशापान से दूर रखने के लिए लगातार चर्चा करने और लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता है।

रेंगाटोला क्रिकेट में हाटकोंडल की हुई जीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गूकोंदल



ग्राम पंचायत कर्रामाड़ के आश्रित ग्राम रेंगाटोला मदले में नवरात्रि के अवसर पर आयोजित छह दिवसीय ग्रामीण स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का उत्साहपूर्ण समापन हुआ। प्रतियोगिता में आसपास के गांवों की टीमों ने हिस्सा लेकर खेल कौशल और टीम भावना का प्रदर्शन किया। फाइनल मुकाबलों के बाद विजेता, उपविजेता और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीमों को पुरस्कार राशि एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया।

प्रतियोगिता में हाटकोंडल की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। विजेता टीम को 20001 रुपये और ट्रॉफी प्रदान की गई। वहीं मेजबान रेंगाटोला की टीम ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। उपविजेता टीम को 10001 रुपये और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। भैंसाकन्हार की टीम तीसरे स्थान पर रही, जिसे 5001 रुपये और ट्रॉफी प्रदान की गई। छह दिनों तक चले इस आयोजन में खिलाड़ियों के साथ ग्रामीणों और क्रिकेट प्रेमियों में भी उत्साह देखने को मिला। अतिथियों ने विजेता और उपविजेता टीमों को बधाई देते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन से युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है। खेलों से अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और आपसी सहयोग की भावना विकसित होती है।

प्रतियोगिता के सफल आयोजन पर समिति ने सभी टीमों, अतिथियों और सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत सिहारी के सरपंच राम गावड़े, ग्राम पंचायत कर्रामाड़ के सरपंच रजलाल आचला, संजय उयके और ट्रक संघ के सदस्य राजकुमार नेताम शामिल हुए। इसके अलावा घनश्याम ठाकुर, महरू राम उयके, आयोजन समिति के अध्यक्ष सोहन उयके, कछेरी राम उयके, सूरज आचला, ब्रिजलाल आचला, मोती उयके, शनिराम कड़ियाम, जगन्नाथ आचला, रूपेश धनीलिया, दीपक बड़ाई, धनुराम कड़ियाम, रूपसिंह कोला, प्यारे लाल दर्रा और ग्राम कोटवार आनंद दास मानिकपुरी सहित आयोजन समिति के सदस्य एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

बनसागर के शीतला माता मंदिर में नवरात्रि की मची धूम



बनसागर। विकासखंड नरहरपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत बनसागर स्थित शीतला माता मंदिर में शारदीय नवरात्र के अवसर पर भक्तिमय माहौल बना हुआ है। माता के दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए प्रतिदिन श्रद्धालु मंदिर पहुंच रहे हैं। माता के जयकारों से मंदिर परिसर गुंजायमान हो रहा है। नवरात्र के अवसर पर मंदिर में विधि-विधान से अखंड ज्योति प्रज्ज्वलित की गई है, जिसे नौ दिनों तक निरंतर जलाए रखने का संकल्प लिया गया है। इसके साथ ही पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार जंवारा बोया गया है। श्रद्धालु माता के समक्ष शीश नवाकर परिवार की सुख-शांति, समृद्धि और गांव की खुशहाली की कामना कर रहे हैं। नवरात्र के दौरान महिला श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। महिलाएं माता को चुनरी, नारियल, सिंदूर, मेहंदी और शृंगार सामग्री अर्पित कर पूजा-अर्चना कर रही हैं। कई श्रद्धालु उपवास रखकर माता की आराधना में जुटे हैं। ग्रामीणों की सहभागिता से मंदिर में धार्मिक गतिविधियां संचालित हो रही हैं। इस अवसर पर ग्राम पंचायत बनसागर के सरपंच संदीप कुमार कुंजाम सहित अहिलूराम सलाम, फरसूराम नेताम, बेदकुमार साहू, रामकृष्ण पटेल, मनसुखा निषाद, ग्राम पटेल सुनील कुमार मंडावी सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे। नवरात्र पर्व ने पूरे गांव में आस्था, भक्ति और सामाजिक एकता का वातावरण बना दिया है।

विद्यार्थियों को सिखाए हाथ धुलाई के छह चरण

आमागढ़ स्कूल में मनाया गया हस्त प्रक्षालन दिवस

दुर्गूकोंदल। शासकीय हाई स्कूल आमागढ़ में हस्त प्रक्षालन दिवस के अवसर पर स्वच्छता एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को हाथ धोने के सही तरीके, उचित समय और इसके स्वास्थ्य संबंधी लाभों की जानकारी दी गई। इसका उद्देश्य बच्चों में स्वच्छता की आदत विकसित करना और संक्रमण से बचाव के प्रति जागरूक करना था। कक्षा आठवीं की छात्रा मिनाक्षी ध्रुव ने हाथ कब-कब धोना चाहिए विषय पर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भोजन से पहले, शौच के बाद, खांसने-छींकने के बाद, बाहर से आने पर तथा कचरा और जानवरों को छूने के बाद साबुन से हाथ धोना जरूरी है। कक्षा आठवीं की छात्राओं नेहा बढ़ाई और पायल नेताम ने सुमन के साथ हाथ धुलाई के छह चरणों का प्रदर्शन किया, जिसमें हथेलियों, उंगलियों के बीच, हाथों के पीछे, अंगूठे, नाखूनों और कलाइयों की अच्छी तरह सफाई करने की विधि बताई गई। साबुन से हाथ धोना कई संक्रमणों से बचाव का सरल और प्रभावी उपाय है। नियमित हाथ धुलाई से डायरिया, पेट संबंधी रोगों और अन्य संक्रमणों का खतरा कम किया जा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों से इस आदत को दैनिक जीवन में अपनाने और अपने परिवार तथा समाज को भी जागरूक करने की अपील की।



एकलव्य विद्यालय दुर्गूकोंदल में अर्द्धवार्षिक परीक्षा संपन्न



दुर्गूकोंदल। मण्डारडिगी स्थित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय दुर्गूकोंदल में शैक्षणिक सत्र 2026-27 की अर्द्धवार्षिक परीक्षा बुधवार को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो गई। सीबीएसई पैटर्न पर आयोजित इस परीक्षा में कक्षा छठवीं से बारहवीं तक के लगभग 400 विद्यार्थी शामिल हुए। परीक्षा समाप्त होने के बाद अब विद्यालय में उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन और परिणाम तैयार करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। विद्यालय में अर्द्धवार्षिक परीक्षा की शुरुआत 8 अक्टूबर को हुई थी। निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार विभिन्न विषयों की परीक्षाएं आयोजित की गईं। परीक्षा के दौरान विद्यार्थियों ने अपनी तैयारी के अनुरूप प्रश्नपत्र हल किए। विद्यालय प्रबंधन की ओर से परीक्षा को व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की गई थीं। परीक्षा संपन्न होने के बाद विद्यालय के प्राचार्य बैजनाथ नरेटी ने शिक्षकों और परीक्षा प्रभारी को उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्धारित समय-सीमा में मूल्यांकन पूरा कर परिणाम तैयार करने पर जोर दिया, ताकि विद्यार्थियों को उनके शैक्षणिक प्रदर्शन की जानकारी समय पर मिल सके। अर्द्धवार्षिक परीक्षा विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति का आकलन करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। परीक्षा परिणाम से विद्यार्थियों को अपनी विषयवार तैयारी, उपलब्धियों और कमजोर पक्षों को समझने का अवसर मिलेगा। इसके आधार पर वे आगामी परीक्षाओं के लिए अपनी अध्ययन रणनीति में आवश्यक सुधार कर सकेंगे।

पेज 09 के शेष

रावघाट रेल परियोजना...

परियोजना के लिए कच्चे से लेकर अंतागढ़ क्षेत्र के किसानों की जमीन का वर्ष 2009-10 में अधिग्रहण किया गया था। किसानों का कहना है कि जमीन अधिग्रहण के साथ रेलवे और बीएसपी प्रबंधन की ओर से वर्ष 2011 में प्रभावित परिवारों को मुआवजा देने तथा परिवार के एक सदस्य को रेलवे या भिलाई इस्पात संयंत्र (बीएसपी) में नौकरी देने का दावा किया गया था। हालांकि, प्रभावित किसानों के मुताबिक कई साल बीत जाने के बाद भी अनेक परिवारों को इसका लाभ नहीं मिल पाया है। प्रभावित किसानों का कहना है कि जमीन अधिग्रहण के बाद उनकी आजीविका प्रभावित हुई है। खेती की जमीन चली जाने और नौकरी नहीं मिलने से परिवारों के सामने आर्थिक परेशानियां बढ़ गई हैं। इसका असर बच्चों की पढ़ाई-लिखाई पर भी पड़ रहा है। किसानों का आरोप है कि रेलवे और बीएसपी प्रबंधन द्वारा प्रभावित परिवारों की समस्याओं का अपेक्षित समाधान नहीं किया जा रहा है।

विधायक विक्रम के 61वें...

संगठन और जनप्रतिनिधि के रूप में विभिन्न दायित्वों का निर्वहन किया है। उनका राजनीतिक अनुभव और संगठनात्मक भूमिका उन्हें क्षेत्र की राजनीति में एक महत्वपूर्ण स्थान दिलाती है। 17 अक्टूबर को उनके 61वें जन्मदिन पर समर्थकों में उत्साह है। भाजपा मंडल कापसी अध्यक्ष अजय बघार ने कहा कि विधायक विक्रम देव उसेंडी का 61 वां जन्मदिन हम सभी कार्यकर्ताओं के लिए खुशी और गर्व का अवसर है। उनके जन्मदिन के अवसर पर कापसी हाईस्कूल मैदान में आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्रवासियों, पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से शामिल होकर उन्हें शुभकामनाएं देने की अपील करता हूं। आयोजन को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों में उत्साह देखा जा रहा है। भाजपा मंडल कापसी की ओर से जारी आमंत्रण के माध्यम से पार्टी कार्यकर्ताओं, समर्थकों और आम नागरिकों से आयोजन में सहभागी बनने का आग्रह किया गया है।

विशेष अभियान में 163 बालिकाओं का टीकाकरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गूकोंदल

बालिकाओं के स्वास्थ्य संरक्षण और सर्वाइकल कैंसर के जोखिम को कम करने के उद्देश्य से विकासखंड दुर्गूकोंदल में विशेष एचपीवी टीकाकरण अभियान चलाया गया। कलेक्टर कुंदन कुमार और जिला चिकित्सा अधिकारी डॉ. केके ध्रुव के निर्देशन तथा खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनोज किशोर के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग की तीन टीमों ने 17 विद्यालयों में पहुंचकर कुल 163 बालिकाओं का टीकाकरण किया।

अभियान के तहत निर्धारित आयु वर्ग की बालिकाओं को ह्यूमन पैपिलोमावायरस एचपीवी से बचाव के लिए टीका लगाया गया। स्वास्थ्यकर्मियों और शिक्षकों ने समन्वय बनाकर अभियान का संचालन किया तथा बालिकाओं के स्वास्थ्य संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया। विद्यालयवार आंकड़ों के अनुसार हायर सेकेंडरी स्कूल दमकसा में 54, कोदापाखा में 15, हाई स्कूल ताराईघोटिया में 13, तरहुल में 11, मेडो में 10, हाटकोंदल और डांगरा में 9-9 तथा चिखली में 8 बालिकाओं को टीका लगाया गया। इरागांव में 6, कोड़े में 5, मारामपानी में 5, सिंहारी, हानपतरी और कोड़ेकोसे में 4-4, दुर्गूकोंदल हाई स्कूल में 3, पीएम श्री विद्यालय दुर्गूकोंदल में 2 तथा हमतव ाही मिडिल स्कूल में एक बालिका का टीकाकरण किया गया।

पंचमी पर मां दंतेश्वरी के दरबार पहुंचे सांसद



भानुप्रतापपुर। शारदीय नवरात्रि की पंचमी के पावन अवसर पर 84 परगना की आराध्य देवी मां दंतेश्वरी, गढ़ बसला के दरबार में श्रद्धा और भक्ति का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों एवं श्रद्धालुओं ने माता के चरणों में शीश झुकाकर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, खुशहाली और शांति की कामना की। इस दौरान कांकेर लोकसभा क्षेत्र के सांसद के साथ भाजपा मंडल अध्यक्ष डिगेश खापर्डे एवं मंडल महामंत्री गिरधारी नरेटी सहित गायता, पुजारी, मांझी, मुखिया और मातृशक्ति ने मां दंतेश्वरी के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। दर्शन के पश्चात सभी जनप्रतिनिधि एवं श्रद्धालु जसगीत कार्यक्रम में शामिल हुए। माता के जयकारों और भक्तिमय गीतों से मंदिर परिसर का वातावरण भक्तिमय हो उठा। नवरात्रि के इस पावन अवसर पर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह और आस्था देखने को मिली। मां दंतेश्वरी के दरबार में उमड़ी श्रद्धा और भक्ति ने नवरात्रि पर्व की धार्मिक परंपरा एवं क्षेत्र की सांस्कृतिक आस्था को जीवंत कर दिया।

साधुमिचगांव की छात्राओं ने स्पर्धा में लहराया परचम

दुर्गूकोंदल। विकासखंड दुर्गूकोंदल के शासकीय पूर्व माशा साधुमिचगांव की छात्राओं ने सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। कक्षा सातवीं की छात्रा कु. ईशिका भुआर्य ने चित्रकला प्रतियोगिता में जिला स्तर पर तृतीय और भाषण प्रतियोगिता में विकासखंड स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, कक्षा तीसरी की छात्रा कु. राहेल ने विकासखंड स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में तृतीय स्थान हासिल किया।

कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी उत्तर बस्तर कांकेर के मार्गदर्शन में आयोजित सेवा संकल्प अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों की रचनात्मकता, अभिव्यक्ति कौशल और सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देना है। इसी क्रम में 3 अक्टूबर 2026 को आयोजित जिला स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता में ईशिका ने 'मेरे सपनों का भारत' विषय पर आकर्षक चित्र बनाकर अपनी कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन



किया। विशेष उपलब्धि यह रही कि ईशिका अभियान के तहत जिला स्तर पर चयनित होने वाली विकासखंड की एकमात्र छात्रा बनीं। ईशिका का सपना भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) की अधिकारी बनकर ईमानदारी और निष्ठा से देश की सेवा करना है। उनकी उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बनी है। दोनों छात्राओं की सफलता पर जनपद सदस्य धनसाय हुर्गा, सरपंच मुकेश गावड़े, प्रधान पाठक बालसिंह रावटे, संकुल समन्वयक राजकुमार चंद्राकर तथा शिक्षक निरेंद्र भवसार, राजेंद्र बंजारे, सोमसिंह नरेटी और शिक्षिका राजकुमारी भुआर्य ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

पैराडाइज स्कूल के ओलंपियाड चार छात्रों ने जीते गोल्ड मेडल



कांकेर। पैराडाइज हायर सेकेंडरी सीबीएसई स्कूल में राजभाषा हिंदी ओलंपियाड फाउंडेशन की परीक्षा आयोजित की गई। स्वामी विवेकानंद एजुकेशन एंड रिसर्च सेंटर, मुंबई की ओर से आयोजित इस प्रतियोगिता में विद्यालय के 50 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अल्फा साहू, यशस्वी पोर्ते, तेजस्वी देवांगन और नूरअफशा खान को हिंदी ओलंपियाड फाउंडेशन की ओर से गोल्ड मेडल प्रदान किया गया। वहीं, सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रबंधन का उद्देश्य विद्यार्थियों के ज्ञान, तर्कशक्ति और विषयों की समझ को विकसित करना है। इसी क्रम में स्कूल में विभिन्न राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं का आयोजन किया जाता है, ताकि विद्यार्थी हिंदी, विज्ञान, गणित सहित अन्य विषयों में अपनी प्रतिभा निखार सकें और राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर सकें। परीक्षा में विवांशि तिवारी, योशा मंडावी, नव्या सिन्हा, चिन्मय पटेल, समर्थ, रुद्र, राजवीर, अर्पित, उबेद, राहिल, खिमाशि, योगेश्वरी, लवन्या, चित्राक्षी, शिवांशी गोस्वामी, शिखा जैन, आरोहि गोस्वामी, अवनी देवांगन, आरुषि वर्मा, मान्या रामटेके, केशव, भावेश, तमन्ना, अदिति सहित अन्य विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में प्राचार्य रश्मि रजक, मैनेजर योगेश रजक, वरिष्ठ शिक्षिका प्रीति झा, रूबी खान, पवित्र बराई, कोऑर्डिनेटर दीपांजली गोगोई और ऐश्वर्या साहू सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं का विशेष योगदान रहा। विद्यालय प्रबंधन ने विद्यार्थियों की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

खबर संक्षेप



ढेड़कोहका में आज से डे-नाइट वॉलीबॉल

चारामा। विकासखंड के ग्राम ढेड़कोहका में जय शीतला नवयुवक वॉलीबॉल समिति एवं ग्रामवासियों के तत्वावधान में 17 और 18 अक्टूबर को दो दिवसीय राज्य स्तरीय डे-नाइट वॉलीबॉल प्रतियोगिता आयोजित होगी। प्रतियोगिता प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शुरू होगी। उद्घाटन में जिला पंचायत अध्यक्ष किरण नरेटी तथा समापन में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश लाटिया मुख्य अतिथि होंगे। आयोजन समिति ने खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों से सहभागिता की अपील की है।

संविदा पदों की पात्र-अपात्र आवेदकों की सूची जारी

कांकेर। जिला पंचायत कांकेर द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत स्वीकृत प्रशिक्षण आवास समन्वयक, सहायक प्रोग्रामर, विकासखण्ड समन्वयक, तकनीकी सहायक एवं डाटा एंट्री ऑपरेटर के पदों की संविदा भर्ती के लिए इच्छुक एवं योग्य अभ्यर्थियों से 15 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित किए गए थे। प्राप्त आवेदन पत्रों के परीक्षण के उपरांत पात्र एवं अपात्र अभ्यर्थियों की सूची जारी कर दी गई है। जिसका अवलोकन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कांकेर एवं जनपद पंचायतों के सूचना पटल तथा जिले की आधिकारिक वेबसाइट किया जा सकता है। पात्र-अपात्र सूची के संबंध में यदि किसी आवेदक को दावा-आपत्ति हो, तो वे आवश्यक दस्तावेजों के साथ 30 अक्टूबर तक लिखित में दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

कालेज की भूमि के सीमांकन की मांग, छात्रों ने सौंपा ज्ञापन



पखांजूर। शासकीय वीर गैंदसिंह महाविद्यालय, पखांजूर के नाम आवंटित भूमि का विधिवत सीमांकन कराने की मांग को लेकर आदिवासी छात्र युवा संगठन एएसवाईयू परलकोट पखांजूर ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को ज्ञापन सौंपा। संगठन ने महाविद्यालय की भूमि की वास्तविक सीमाएं स्पष्ट कर शैक्षणिक संस्था की संपत्ति सुरक्षित रखने की मांग की है। संगठन ने ज्ञापन में बताया कि कोयलीबेड़ा विकासखंड अंतर्गत पखांजूर स्थित शासकीय वीर गैंदसिंह महाविद्यालय के नाम दर्ज एवं आवंटित भूमि की सीमाएं मौके पर स्पष्ट नहीं हैं। इससे भूमि की वास्तविक स्थिति को लेकर असमंजस बना हुआ है। संगठन ने मांग की है कि राजस्व अभिलेखों के आधार पर स्थल निरीक्षण कर खसरा नंबर, रकबा और भूमि की वास्तविक स्थिति का मिलान करते हुए सीमांकन कराया जाए। एएसवाईयू ने कहा कि सीमांकन के दौरान यदि महाविद्यालय की भूमि पर अतिक्रमण या अनधिकृत कब्जा पाया जाता है, तो नियमानुसार कार्रवाई की जाए।

तरहुल में राजमिस्त्री प्रशिक्षण में स्वरोजगार का अवसरों पर जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गूकोंदल

भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान गोविंदपुर के तत्वावधान में ग्राम तरहुल विकासखंड दुर्गूकोंदल में आयोजित राजमिस्त्री एवं कंक्रीट प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह 16 अक्टूबर को संपन्न हुआ। 17 सितंबर से 16 अक्टूबर तक चले इस 30 दिवसीय ऑफ कैंपस प्रशिक्षण का उद्देश्य ग्रामीण युवाओं को निर्माण कार्य से संबंधित तकनीकी ज्ञान एवं व्यावहारिक कौशल प्रदान कर उन्हें स्वरोजगार के लिए सक्षम बनाना था।

प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षक रोहित कुमार जायसवाल द्वारा प्रतिभागियों को राजमिस्त्री एवं कंक्रीट कार्य से जुड़ी विभिन्न तकनीकों, भवन निर्माण की बुनियादी प्रक्रियाओं, निर्माण सामग्री के उपयोग तथा कार्य की गुणवत्ता और सावधानियों से संबंधित जानकारी दी गई। व्यावहारिक प्रशिक्षण के माध्यम से प्रतिभागियों को अपने कौशल को निखारने और निर्माण क्षेत्र में कार्य करने के लिए तैयार करने पर विशेष जोर दिया गया। संस्थान के सीनियर फैकल्टी नितेश कुमार साहू ने बताया की इस पहल का प्रमुख उद्देश्य ग्रामीण युवाओं को केवल प्रशिक्षण तक सीमित न रखकर उन्हें रोजगार एवं स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना है। प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद प्रतिभागी निर्माण कार्य के क्षेत्र में रोजगार तलाशने, राजमिस्त्री के रूप में कार्य करने तथा अपनी क्षमता और संसाधनों के अनुरूप स्वरोजगार शुरू करने की



दिशा में कदम बढ़ा सकते हैं। इससे उनकी आय के अवसर बढ़ने के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में कुशल श्रमिकों की उपलब्धता को भी प्रोत्साहन मिलेगा।

समापन समारोह में उपस्थित अग्रणी जिला प्रबंधक गौरी शंकर राणा ने बैंकिंग एवं सरकार की विभिन्न लाभप्रद योजनाओं की जानकारी दिया एवं एसबीआई आरसेटी ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण के माध्यम से युवाओं के कौशल विकास और आर्थिक आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए कार्यरत है। संस्थान का प्रयास है कि स्थानीय स्तर पर युवाओं को उपयोगी कौशल उपलब्ध कराकर उन्हें अपने पैरों पर खड़ा होने तथा ग्रामीण विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित किया जाए। इस अवसर पर जिले के अग्रणी जिला प्रबंधक गौरी शंकर राणा, फैकल्टी नितेश कुमार साहू, संजय महावीर, कार्यालय सहायक कमलेश सिंहा, नागेन्द्र यादव, नागेश्वर एवं लव कुमार टांडिया और संस्थान का स्टाफ मुख्य रूप से उपस्थित रहें।

लिखित और शारीरिक दक्षता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को मिली मिशन रक्षक जर्सी

मिशन रक्षक से युवाओं के सपनों को मिल रही नई उड़ान, एसपी ने बढ़ाया हौसला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

दूरस्थ और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने और उनके सपनों को साकार करने की दिशा में कांकेर पुलिस की पहल 'मिशन रक्षक' महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा ने आमाबेड़ा में संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण कर अभ्यर्थियों का उत्साह बढ़ाया और उन्हें लक्ष्य प्राप्ति के लिए नियमित अभ्यास, अनुशासन तथा निरंतर मेहनत करने का संदेश दिया।

कांकेर पुलिस द्वारा मिशन रक्षक अभियान संचालित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य युवाओं को पुलिस, पैरामिलिट्री बलों एवं अन्य सुरक्षा सेवाओं में भर्ती के लिए तैयार करना है। अभियान के तहत प्रशिक्षित महिला एवं पुरुष प्रशिक्षकों के माध्यम से अभ्यर्थियों को शारीरिक प्रशिक्षण के साथ भर्ती संबंधी आवश्यक जानकारी और मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवक-युवतियों से संवाद किया। उन्होंने अभ्यर्थियों की तैयारियों, अभ्यास और भर्ती के लिए





किए जा रहे प्रयासों की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि किसी भी लक्ष्य को हासिल करने के लिए नियमित अभ्यास, अनुशासन और मेहनत जरूरी है। सफलता प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयास करना चाहिए और असफलताओं से निराश होने के बजाय उनसे सीख लेकर आगे बढ़ना चाहिए। पुलिस अधीक्षक ने अभ्यर्थियों को अपनी शारीरिक क्षमता को मजबूत करने, समय का सदुपयोग करने और पढ़ाई के साथ नियमित अभ्यास जारी रखने के लिए प्रेरित किया। प्रशिक्षण के दौरान मिलने वाला मार्गदर्शन युवाओं को भर्ती की आवश्यकताओं के अनुरूप स्वयं को तैयार करने में मददगार साबित हो रहा है।

उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को किया प्रोत्साहित

प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान लिखित परीक्षा एवं शारीरिक दक्षता परीक्षण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अभ्यर्थियों को प्रोत्साहित किया गया। पुलिस अधीक्षक ने उन्हें मिशन रक्षक की जर्सी वितरित कर सम्मानित किया। इस पहल का उद्देश्य युवाओं का मनोबल बढ़ाना और उन्हें आगामी भर्ती प्रक्रियाओं में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करना है।

युवाओं को मिल रही नई दिशा

मिशन रक्षक अभियान का विशेष उद्देश्य दूरस्थ एवं नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के युवाओं को मुख्यधारा के रोजगार अवसरों से जोड़ना है। निःशुल्क प्रशिक्षण के माध्यम से उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने और सुरक्षा सेवाओं में करियर बनाने का अवसर उपलब्ध कराया जा रहा है। कांकेर पुलिस की यह पहल युवाओं में आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ उन्हें अनुशासित जीवन और सकारात्मक भविष्य की ओर प्रेरित कर रही है।

जनप्रतिनिधियों ने बढ़ाया उत्साह

कार्यक्रम में आमाबेड़ा थाना प्रभारी सुदर्शन सिंह ध्रुव, भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोहर यादव, ग्राम सरपंच लोकेश बघेल सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवाओं का उत्साहवर्धन किया और उन्हें निरंतर मेहनत, अनुशासन तथा समर्पण के साथ अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

दियागांव में क्रिकेट स्पर्धा शुरू, खिलाड़ी उत्साहित



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गूकोंदल

विकासखंड दुर्गूकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत करमाड़ के आश्रित ग्राम दियागांव में पांच दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। प्रतियोगिता को लेकर खिलाड़ियों और खेलप्रेमियों में उत्साह देखने को मिला। शुभारंभ अवसर पर अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष गोपी बढ़ाई ने कहा कि खेलकूद से शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास होता है। खिलाड़ियों को अनुशासन, आपसी भाईचारे और खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेना चाहिए। खेल मैदान में सीखा गया धैर्य, सहयोग और संघर्ष का भाव जीवन में भी उपयोगी साबित होता है। विशेष अतिथि हुमन मरकाम और सुखचंद प्रजापति ने भी खिलाड़ियों को मेहनत, लगन और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन से स्थानीय प्रतिभाओं को अपनी क्षमता दिखाने का अवसर मिलता है। ऐसे आयोजन युवाओं में खेलों के प्रति रुचि बढ़ाने के साथ स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करते हैं। पांच दिवसीय प्रतियोगिता के आयोजन से क्षेत्र के खिलाड़ियों को अपनी खेल प्रतिभा निखारने और आपसी मेलजोल बढ़ाने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम में विजय नरेटी और चैनसिंह कोमरा सहित ग्रामवासी, आयोजन समिति के सदस्य, क्रिकेट खिलाड़ी और अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

वर्कशॉप में खड़े ट्रक से लाखों के पाटर्स की चोरी, पूर्व मैनेजर पर मामला दर्ज

कांकेर। ट्रक की मरम्मत कराने के लिए वर्कशॉप में वाहन छोड़ना एक ट्रक मालिक को महंगा पड़ गया। आरोप है कि मरम्मत के लिए छोड़े गए 16 चक्का ट्रक से तीन टायर समेत व्हील, व्हील बोल्ट, डिस्क और अन्य जरूरी उपकरण गायब हो गए। गायब सामान की कुल कीमत करीब 1 लाख 23 हजार रुपये बताई जा रही है। मामले में ट्रक मालिक ने वर्कशॉप के तत्कालीन मैनेजर पर सामान चोरी करने का आरोप लगाया है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले में जांच के बाद ही सामान गायब होने की वास्तविक स्थिति और जिम्मेदारी स्पष्ट हो सकेगी।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, मध्यप्रदेश के छिंदवाड़ा जिले के परासिया थाना क्षेत्र अंतर्गत वार्ड नंबर 11 बड़कुही निवासी 34



वर्षीय राजेश कुमार कनौजिया का 16 चक्का अशोक लीलैंड ट्रक क्रमांक एमपी 40 सीएम 9971 मरम्मत के लिए कच्चे स्थित अशोक लीलैंड आहूजा ऑटोमोबाइल्स वर्कशॉप में खड़ा किया गया था। इस दौरान ट्रक की मरम्मत को लेकर उनकी तत्कालीन मैनेजर विकास साहू से बातचीत हुई थी। शिकायत के मुताबिक मरम्मत का काम करीब 3 लाख 30 हजार रुपये में तय हुआ था। ट्रक मालिक ने बताया कि मरम्मत कार्य के लिए तत्कालीन मैनेजर विकास साहू को नकद और फोन-पे के माध्यम से कुल 49 हजार रुपये दिए गए थे। इसके बाद जब वह अपने ट्रक की स्थिति देखने वर्कशॉप पहुंचा, तो वाहन वर्कशॉप के भीतर मिलने के बजाय कंपनी के सामने सड़क किनारे खड़ा मिला।

ट्रक को देखकर जब उसने उसकी जांच की, तो उसमें लगे तीन टायर, व्हील, व्हील बोल्ट और डिस्क सहित कई जरूरी उपकरण गायब मिले। वाहन में रखे अन्य टूल्स और सामान भी नहीं मिले।

वर्तमान मैनेजर ने भी दी लिखित जानकारी: ट्रक से सामान गायब होने की जानकारी सामने आने के बाद मामले में कंपनी के वर्तमान मैनेजर त्रिलोक देशमुख ने भी गायब सामान के संबंध में लिखित जानकारी दी। ट्रक मालिक ने पुलिस को दी गई शिकायत में गायब सामान की कुल कीमत करीब 1 लाख 23 हजार रुपये बताई है।





खबर संक्षेप

मुड़पार दखनी नवश्रृंगार रामधुनी झांकी आज

सरोना। बुढ़ेश्वर नवदुर्गोत्सव समीति मुड़पार दखनी में रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत शनिवार 17 अक्टूबर को नव श्रृंगार रामधुनि झांकी एवं मानस परिवार चोरिया सरोना जिला कांकेर की प्रस्तुति होगी। प्रति वर्ष की भांति बुढ़ेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में नवरात्रि पर्व में हर दिन माता सेवा, जस गीत और झांकी की सुंदर और आकर्षक प्रस्तुति दी जा रही है। उक्त जानकारी पृथ्वी लाल रामटेके सचिव ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने दी है।

तालाब में डूबने से महिला की हुई मौत

कांकेर। थाना कांकेर अंतर्गत पांडरवाही निवासी 51 वर्षीय कौशिल्या कोड़ोपी पति अमृत 15 अक्टूबर को तालाब में डूब गई, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतिका के पति ने पुलिस को बताया कि उनकी पत्नी पांडरवाही के तालाब के पानी में डूब गई, जिससे उसकी मौत हो गई।

दुर्गूकोंदल में शांति समिति की बैठक एसडीएम की अध्यक्षता में हुई

दुर्गा झांकी विसर्जन यात्रा के दौरान पुलिस की डीजे पर होगी पैनी नजर



दुर्गूकोंदल। आगामी दुर्गा उत्सव, विजयादशमी, दशहरा, दुर्गा प्रतिमा विसर्जन एवं दीपावली पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी कड़ी में 16 अक्टूबर को जनपद पंचायत दुर्गूकोंदल के सभाकक्ष में ब्लॉक स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। एसडीएम अनिकेत फड़तरे की अध्यक्षता में हुई बैठक में कानून-व्यवस्था, ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण, यातायात प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में अधिकारियों ने कहा कि धार्मिक आयोजनों के दौरान डीजे और ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग निर्धारित ध्वनि सीमा, समय-सीमा तथा लागू नियमों के अनुरूप ही किया जाए। तेज आवाज से आम नागरिकों, बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को परेशानी नहीं होनी चाहिए। ध्वनि प्रदूषण संबंधी नियमों का उल्लंघन रोकने के लिए संबंधित विभागों को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि पर्वों के दौरान सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों और शासन के निर्धारित नियमों का पालन अनिवार्य होगा। एसडीएम अनिकेत फड़तरे ने कहा कि धार्मिक पर्वों के दौरान श्रद्धा और उत्साह के साथ आम नागरिकों की सुविधा एवं सुरक्षा का ध्यान रखना भी जरूरी है। शोभायात्राओं और प्रतिमा विसर्जन के दौरान व्यवस्था बनाए रखने, निर्धारित मार्गों का पालन करने तथा आपसी समन्वय से आयोजन संपन्न कराने पर जोर दिया गया। पर्वों के दौरान शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस विभाग को सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने, यातायात सुचारू रखने और जुलूस एवं प्रतिमा विसर्जन मार्गों पर आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिए गए। संवेदनशील स्थानों पर विशेष सतर्कता बरतने को भी कहा गया। स्वास्थ्य विभाग को पर्वों के दौरान आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध रखने और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने के निर्देश दिए गए। उत्सव समितियों से आयोजन स्थलों पर व्यवस्था बनाए रखने, निर्धारित विसर्जन मार्गों का पालन करने और ध्वनि विस्तारक यंत्रों का नियमों के अनुसार उपयोग करने की अपील की गई। बैठक में जनपद अध्यक्ष गोपी बढ़ाई, जिला पंचायत सदस्य देवलाल नरेटी, जनपद सदस्य एवं सभापति विकास राजू नायक, जनपद सदस्य सुलोचना कोरेटी, सुशीला गावड़े, हेमलता उइके, रामचंद्र कल्लो, मुख्य कार्यपालन अधिकारी बेनुराम सुखदेवे, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी आरडी ठाकुर, नायब तहसीलदार श्री देवांगन, बीपीएम देव कुमार शाश्वत, सेवा चिराम, श्रीराम बघेल, श्यामलाल दुग्गा, दुर्गूकोंदल समिति अध्यक्ष सोमल जैन, नंदकुमार भास्कर, गैंदलाल लावतरे सहित विभिन्न समाजों के प्रमुख एवं गणमान्य नागरिकों ने बैठक में सहभागिता की।

हल्बा समाज मरघट तालाब का 20 लाख रु.से करेंगे गहरीकरण



कोरर। ग्राम पंचायत तालाकुर्रा में वीबी जीराम जी योजना के अंतर्गत हल्बा समाज के मरघट स्थल पर स्थित तालाब के गहरीकरण कार्य का भूमि पूजन किया गया। इस कार्य के लिए 20 लाख रुपये की स्वीकृति मिली है। तालाब के गहरीकरण से वर्षा जल संचयन और जल संरक्षण को बढ़ावा मिलने के साथ ही क्षेत्र में जल उपलब्धता बेहतर होने की उम्मीद है। ग्रामीणों ने इस कार्य को ग्राम विकास की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया।

भूमि पूजन कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के सरपंच विनोद रावटे, उपसरपंच जितेन्द्र साहू और ग्राम सभा अध्यक्ष गौतम गांवर सहित पंचायत प्रतिनिधि, ग्राम विकास समिति के पदाधिकारी एवं हल्बा समाज के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान विधिवत भूमि पूजन कर कार्य की शुरुआत की गई। इस अवसर पर सरपंच ने कहा कि ग्राम पंचायत क्षेत्र में विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। तालाबों का गहरीकरण जल संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इससे वर्षा जल का संचयन करने में मदद मिलेगी और आने वाले समय में ग्रामीणों को इसका लाभ प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि पंचायत का प्रयास है कि शासन की योजनाओं का लाभ गांव के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचे तथा ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार हो। ग्रामीणों ने तालाब गहरीकरण कार्य को जल संरक्षण, भूजल स्तर में सुधार और गांव के विकास की दृष्टि से उपयोगी बताया।

सिवनी के शीतला माता मंदिर में दुर्गोत्सव की धूम

दुर्गूकोंदल। विकासखंड दुर्गूकोंदल के ग्राम सिवनी स्थित शीतला माता मंदिर में प्रतिवर्ष की परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ ज्योति कलश की स्थापना की गई। विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद ज्योति प्रज्वलित की गई। पवित्र ज्योति से माता का दरबार जगमगा उठा और मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण में डूब गया। ज्योति कलश स्थापना एवं पूजा-अर्चना का अनुष्ठान मंदिर के पुजारी दीनदयाल मंडावी और रामू राम मंडावी के मार्गदर्शन में हुआ।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरुष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - ल्यूकोरिया, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

घटारानी मंदिर दर्शन करने गए युवक की बाइक चोरी

कांकेर। मंदिर में दर्शन करने गया युवक जब वापस सरोना लौटा, तो सरोना में घर के बाहर खड़ी उसके पिता की मोटरसाइकिल गायब थी। आसपास तलाश करने के बाद भी वाहन का कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद युवक ने पुलिस की शरण लेकर मोटरसाइकिल चोरी की शिकायत दर्ज कराई। सरोना क्षेत्र में हुई इस घटना में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम कोटलभट्टी निवासी 21 वर्षीय रिषभ कोर्राम पिता स्व. हेमंत कुमार कोर्राम ने पुलिस को बताया कि मैं अपने गांव से 13 अक्टूबर की सुबह करीब 5 बजे अपने पिता की मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीके 7939 को सरोना निवासी रिश्तेदार सनत कोर्राम के घर पहुंचा था। मैने उनके घर के बार मोटर सायकल रख दिया, जिसका रंग काला था। मोटर सायकल को खड़ी करके मैं गरियाबंद जिले के जतमई-घटारानी मंदिर दर्शन के लिए रवाना हो गया। मैं 14 अक्टूबर की शाम करीब 7 बजे वापस सरोना पहुंचा। घर के बाहर खड़ी की गई मोटरसाइकिल मौके पर नहीं मिली। इसके बाद उसने आसपास वाहन की तलाश किया, लेकिन मोटरसाइकिल का कहीं पता नहीं चला।

अज्ञात व्यक्ति द्वारा वाहन चोरी किए जाने की आशंका पर 15 अक्टूबर को थाना सरोना पहुंचकर लिखित आवेदन दिया और कार्रवाई की मांग की। चोरी हुई मोटरसाइकिल हीरो एचएफ डीलक्स है, जो वर्ष 2019 का मॉडल है। वाहन का रंग काला तथा पंजीयन क्रमांक सीजी 19 बीके 7939 है। प्रार्थी ने मोटरसाइकिल की अनुमानित कीमत 52 हजार रुपये बताई है। शिकायत में वाहन का इंजन और चेसिस नंबर भी दर्ज कराया गया है, जिससे उसकी पहचान करने में मदद मिल सकती है।



अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज

प्रार्थी के लिखित आवेदन के आधार पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 303(2) के तहत अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और चोरी हुई मोटरसाइकिल का पता लगाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

मां दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के लिए कार्यपालिक अधिकारी नियुक्त

कांकेर। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी कुन्दन कुमार ने विजयादशमी दशहरा पर्व पर रावण दहन पश्चात मॉ दुर्गा प्रतिमा, ज्योत कलश और जंवारा विसर्जन के अवसर पर यथोचित कानून एवं लोक शांति सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने के लिए कार्यपालिक दण्डाधिकारियों की ड्यूटी लगाई है। जारी आदेशानुसार घड़ी चौक से गोविन्दपुर एवं मुख्य रावण दहन एवं समारोह स्थल नरहरदेव हाईस्कूल खेल ग्राउण्ड के लिए डिप्टी कलेक्टर रानू मैथ्यूज एवं नायब तहसीलदार नरहरपुर भाग्यश्री की ड्यूटी लगाई गई है। इसी प्रकार आदर्श नगर, शीतलापारा, शिवनगर, भण्डारीपारा, संजय नगर, श्रीरामनगर, आमापारा, बीटीआई मार्ग की दुर्गा प्रतिमाओं एवं नरदेव तालाब मार्ग की झांकी शोभायात्रा सहित नरहरदेव हाईस्कूल खेल मैदान एवं अलबेलापारा तालाब विसर्जन स्थल के लिए तहसीलदार कांकेर रूपेश कुमार मरकाम एवं नायब तहसीलदार सरोना अभिषेक देवांगन तथा सिंगारभाठ, बरदेभाठा, कोदाभाट, लट्टीपारा, शांति नगर, एमजी वार्ड टिकरापारा, नया बस स्टैण्ड, मेलाभाठा के मॉ दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन हेतु निकलने वाले झांकियों के साथ व मेलाभाठा में रावण दहन स्थल सहित ज्ञानी चौक से कोमल देव अस्पताल तक तहसीलदार नरहरपुर पुष्पराज पात्र, नायब तहसीलदार कांकेर चंदा नाग की ड्यूटी लगाई गई है।





